**खबर संक्षेप**

### किसानों को रबी फसल के लिए पानी दिया जाये



**कोपरा।** किसानों की उन्नति के लिए रबी फसल के लिए पानी की मांग करते हुए ग्राम कसेरुडीह के युवा नेता रोशन लाल साहू सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि इस वर्ष बारिश औसतन रूप से ठीक हुआ है,लगभग सभी जगह के बांधो में जल भराव ठीक ठाक है,जो कि वर्तमान स्थिति के हिसाब से रबी फसल के लिए उपलब्ध मात्रा में पानी है, विगत कई वर्ष से रबी फसल के लिए पानी नही दिया गया है,आगे साहू ने कहा कि नवनिर्वाचित राजिम विधायक श्री रोहित साहू जी से भी चर्चा किया गया है, और आसपास के किसानों की भी मांग है कि पानी दिया जाये और अभी खरीब फसल पूर्ण रूप से कट गया है, तो इसे ध्यान में रखते हुए किसानों को इस बार रबी फसल के लिए पानी दिया जाये ताकि किसान रबी फसल के लिए तैयारी कर सके।

### ट्रक की टक्कर से महिला घायल

**महासमुंद।** घोड़ारी ओवरब्रिज ढलान के पास एंबुलेंस में बैठी एक महिला को डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे महिला घायल हो गई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि माधुरी छात्रे पिता पंथराम (33) निवासी वार्ड 15 महामाया पारा महासमुंद घटनास्थल पर एंबुलेंस में बैठी थी। जिसे डंपर क्रमांक सीजी 04 एनएस 6232 के चालक ने टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### जहर सेवन से मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन के बाद इलाज के लिए सरायपाली अस्पताल में भर्ती 42 साल के सेतराम सिदार पिता कमपुटिया निवासी गिधामुड़ा (बसना) की मौत हो गई। मामले में बसना पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

**हड़ताल : मांगों को लेकर ग्रामीण डाकसेवा संघ कर रहा आंदोलन**

# डाककर्मियों की हड़ताल होने से ग्रामीण क्षेत्रों में डाकसेवा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

- 8 घंटे सेवा सहित सभी सरकारी लाभ देने की मांग

डाकसेवकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से देवभोग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण डाक सेवा प्रभावित हो गई है। हड़ताल के शुरुआती दिनों में ही डाक सेवा को लेकर बाधा देखी जा रही है। ग्रामीण डाक कर्मी उपडाक घर के सामने ही हड़ताल पर बैठ गए हैं। वहीं हड़ताली कर्मी सरकार से अपनी मांगें मनवाने तक हड़ताल पर डटे रहने की बात कह रहे हैं।

ग्रामीण डाक सेवा संघ के प्रांतीय आह्वान पर कल से रसेला,रूवाड़, पीपरछेडी, कोटिगांव, कनसिघी छुरा आदि के ग्रामीण डाक कर्मी हड़ताल पर चले जाने से इन ग्रामीण डाक घरों में ताला लग गया है।यहां डाक सेवा बाधित हो गई है। शहरी ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कारगर योजनाओं के भुगतान और सेवा डाकघरों से होता है। ग्रामीण डाक सेवकों के हड़ताल पर चले जाने से डाक विभाग की रजिस्ट्री, पत्र वितरण, बीपी, पार्सल सहित दर्जनों सेवा बाधित हो गई हैं। पीएम आवास, अटल पेंशन, मनरेगा सहित नए खाते के कार्य प्रभावित हो गया है।




**ग्रामीण डाक कर्मी की मांगें**

हड़ताल पर ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले डाक कर्मी अपनी मांगों को लेकर लम्बी लड़ाई लड़ रहे हैं। जिन मांगों को लेकर कर्मी हड़ताल पर चल दिए है उनमें 8 घंटे सेवा सहित सभी सरकारी लाभ चाहते हैं। वहीं कमलेश चंद कमेटी के 12,24,36 नियमों की बहाली, 10 लाख आदि पर पहल नहीं होने के कारण भी नाराजगी है।



## सीएम विष्णुदेव से मछुवारा समाज के जिला अध्यक्ष ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाण्डुका

इन दिनों भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों में भारी हर्ष है इसी के चलते आदिवासियों सहित बीजेपी के कार्यकर्त्ताओ ने छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेवसाय से मुलाकात कर बधाई देने बड़ी संख्या में लोगों का भीड़ लग हुआ है। इसी के चलते राजिम क्षेत्र सहित गरियाबंद जिला के युवा जवान भी बधाई देने पहुंचे। बधाई देने वालों मे डॉक्टर मदन निषाद भाजपा कार्यकारणी सदस्य मछुवारा प्रकोष्ठ जिला गरियाबंद, शरद पारकर प्रदेश अध्यक्ष, राजेश धीवर, दीपक राम, नोहर निषाद आदि ने विष्णु देवसाय को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। डॉ मदन निषाद ने कहा देवसाय जी छोटे वर्ग से ऊपर उठने वाले किसान पुत्र है जो हर वर्ग के लोगों के लिए प्रेरणा व हर वर्ग के लोगो को लाभ मिलेगा।

# बैठक में हुई अक्षत कलश यात्रा के स्वागत की तैयारी पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

अयोध्या में प्रभु श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। वहां से आंमत्रण हेतु पुण्य अक्षत कलशयात्रा यात्रा का गांव- गांव आगमन कराया जा रहा है। जिसका ग्राम बेलर सहित आसपास के गांव में अगामी दिनों में होने जा रहा है। इन्ही कार्यक्रम की तैयारी के लिए ग्राम बेलर के देव स्थल बरदेबाबा में शुक्रवार को बैठक रखा गया। जिसमें आगमन अक्षत कलशयात्रा की व्यापक स्वागत के चर्चा किया गया। जिसमें बेलर मंडल में 14 गांव से कार्यकर्ता शामिल हुए थे। बैठक में बताया कि भव्य श्री राम मंदिर 22 जनवरी को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम में प्रत्येक हिंदू परिवार की सहभागिता बने और अक्षत कलश यात्रा को प्रत्येक घर-घर तक पहुंचाना और राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण देना और कहा कि उस दिन को दीपावली की तरह दीपप्रज्वलित खुशी मनाये। इस दिन रामचरित मानस, रामधुनी मण्डली, धार्मिक आयोजन गांव गांव में बाजे - गाजे के साथ यह उत्सव मनाने की बात कही गई। बैठक में सह सयोजक जयप्रकाश साहू, योगेश देवांगन, विनोद कुमार साहू, ओम प्रकाश साहू, सरपंच रामजी साहू, सरपंच टायल साहू, खोमन साहू, विष्णु साहू, फूल सिंह साहू, रामशरण यादव, वेद राम साहू, रेख राम सिन्हा, महेश साहू, आनंद साहू, भागवत, नाथूराम साहू, काशीराम साहू, परमेश्वर राम साहू, ओम प्रकाश यादव, केश कुमार उपस्थित थे।









